हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 17 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 18.7 डिग्री
न्यूनतम 3.9 डिग्री

11 विधायक ने नवनिर्मित गली का किया लोकार्पण



12 बस स्टैंड, मामा भांजा से हटवाया अतिक्रमण



# उत्तर से आई बर्फीली हवाओं ने ढाया सितम, दिनभर कांपते रहे लोग

■ न्यूनतम तापमान 3.9 तो अधिकतम तापमान 18.7 डिग्री दर्ज ■ अभी ठंड से राहत के आसार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले में मौसम के मिजाज में लगातार बदलाव देखा जा रहा है और इसी कड़ी में शुक्रवार को ठंडी रातों में से एक दर्ज की गई। जिले में कड़ाके की ठंड और सुबह के समय छाए कोहरे ने आम जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर रखा है। पिछले कुछ दिनों से उत्तर दिशा से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है जिससे गलन की स्थिति पैदा हो गई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को सोनीपत के सरगथल क्षेत्र में न्यूनतम तापमान गिरकर 3.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह इस मौसम का काफी कम तापमान माना जा रहा है जिसने रात और सुबह के समय लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया है। सुबह की शुरुआत हल्के कोहरे के साथ हुई जिसने सड़कों पर दृश्यता को कुछ हद तक प्रभावित किया। हालांकि कोहरे का असर बहुत अधिक समय तक नहीं रहा क्योंकि वातावरण में हवा की गति ने इसे जल्दी ही छांट दिया। सुबह साढ़े 10 बजे के आसपास बादलों और धुंध के बीच से सूरज निकला और अच्छी धूप खिली लेकिन इसके बावजूद लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल सकी। धूप निकलने के बाद भी मैदानी इलाकों में चल रही ठंडी हवाओं ने धूप के असर को लगभग बेअसर कर दिया। दिनभर तीन किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली उत्तर पश्चिमी ठंडी हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ाए रखी। ठंडी हवाओं के कारण वातावरण में नमी और गलन इतनी अधिक थी कि घर के भीतर और बाहर दोनों ही जगहों पर लोग ठिठुरते नजर आए। तापमान के आंकड़ों पर नजर डालें तो सरगथल क्षेत्र में जहां न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस रहा वहीं अधिकतम तापमान करीब 18.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम और अधिकतम तापमान के बीच का यह अंतर दर्शाता है कि रातें अब अत्यधिक ठंडी हो चुकी हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का सीधा असर अब सोनीपत सहित पूरे हरियाणा के मैदानी इलाकों पर पड़ रहा है।

■ तीन किमी. की रफ्तार से चली ठंडी हवाएं
■ सुबह कोहरे से शुरू हुआ दिन, दस बजे के बाद धूप खिली



## पाला गिरा तो फसलों को होगा नुकसान

रात के समय तापमान गिरने से पाला जमने की संभावना भी बढ़ गई है जो कृषि के लिहाज से चिंता का विषय हो सकता है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान में पड़ रही ठंड गेहूं की फसल के लिए तो लाभदायक है लेकिन यदि तापमान और गिरता है और पाला पड़ता है तो सरसों और सब्जी की फसलों को नुकसान हो सकता है। किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे अपनी फसलों की हल्की सिंचाई करते रहें ताकि पाले के प्रभाव को कम किया जा सके। विशेषकर सब्जियों के पौधों को ढककर रखने और धुएं का प्रयोग करने की भी सलाह दी गई है। जिले के ग्रामीण इलाकों में ठंड का असर शहरों की तुलना में अधिक देखा जा रहा है क्योंकि खुले खेतों के कारण वहां हवा की गति और प्रभाव अधिक रहता है।

## खबर संक्षेप

### दीवार के नीचे दबने से 11 साल के बच्चे की मौत

**गन्नौर**। गांव अगवानपुर में एक दर्दनाक हादसे में 11 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि दो अन्य बच्चे घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गांव में पीर की एक पुरानी और जर्जर दीवार के पास तीन बच्चे आग ताप रहे थे। इसी दौरान अचानक दीवार भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में तीनों बच्चे आ गए। हादसे में सभी बच्चे घायल हो गए। घटना के बाद स्वजन और ग्रामीण घायलों को तुरंत सोनीपत नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल 11 वर्षीय उज्ज्वल को मृत घोषित कर दिया। उज्ज्वल की मौत से परिवार में मातम पसर गया। पिता विनोद और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घायल दो अन्य बच्चों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि दीवार काफी पुरानी थी, लेकिन इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। वहीं गन्नौर थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में पुलिस को अभी तक कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

### चोरी की नीयत से घर में घुसा युवक पकड़ा



**गोहाना** थाना शहर की पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने की कोशिश करने के मामले में आरोपित श्रीराम कालोनी के सोनू को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गुरुवार को गीता कालोनी के फत्ते सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह शाम को परिवार के साथ घर से बाहर घूमने गया था। इसी बीच आरोपित सोनू ताला तोड़कर उसके घर में घुस गया। वह साथ में लोहे की राड लिए हुआ था। इसी बीच वह परिवार के साथ घर पहुंच गया और उसे पकड़ लिया।

### पिपलीखेड़ा में मजदूर की संदिग्ध हालात में मौत

**गन्नौर**। पिपलीखेड़ा गांव में एक प्रवासी मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक बिहार निवासी सुनील उर्फ छोटू काफी समय से पिपलीखेड़ा गांव में रहकर खेतों में मजदूरी का काम करता था। उसका शव गांव के सुखबीर के खेत में बने कोठड़े में मिला। सूचना मिलने पर थाना बड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार सुनील ने शराब का सेवन किया हुआ था और रात में कोठड़े में ही सो गया था। आशंका जताई जा रही है कि अधिक ठंड लगने के कारण उसकी मौत हुई। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## गड़बड़झाले का खुलासा होने के बाद कई कर्मचारियों पर हो चुकी कार्रवाई

# 12 दिन बाद प्रॉपर्टी आईडी शाखा में चहल-पहल, 50 फाइलों का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर के नगर निगम में प्रॉपर्टी आईडी में सामने आई गड़बड़ी के मामलों में अधिकारियों पर कार्रवाई के बाद प्रभावित चल रहा शाखा का कार्य शुक्रवार को पटरी पर लौट आया है। वीरवार को कुंडली नगरपालिका के सचिव पवित्र गुलिया को उनके अनुभव को देखते हुए कार्यभार सौंपे जाने के बाद उन्होंने शुक्रवार को पहले दिन कर्मचारियों के साथ मिलकर 50 फाइलों का निपटारा किया है। इस दौरान उन्होंने डीएमसी हरदीप सिंह के साथ शाखा संबंधी कार्यों पर चर्चा कर कर्मचारियों को जल्द उनका निपटान करवाने के आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। साथ ही नगर निगम कार्यालय में अपना कार्य करवाने आए लोगों की समस्याओं पर स्वयं दिलचस्पी दिखाकर उनका मार्गदर्शन किया। नगर निगम कार्यालय में प्रॉपर्टी आइडी की जांच में गड़बड़ियों का मामला प्रकाश में आने के बाद संबंधित शाखा के कार्य कई दिन से प्रभावित हो रहे थे। सोनीपत निगम कार्यालय में जोनल टैक्स अधिकारी के दो पद हैं। उच्चाधिकारियों की कार्रवाई के बाद निगम कार्यालय में एक जेडटीओ राजेंद्र चुघ के निलंबित होने के बाद एक जेडीओ के कंधों पर सारा कार्यभार आ गया था, लेकिन दूसरी जेडटीओ सुनीता के अवकाश पर जाने के बाद करीब 12 दिन से शाखा संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे थे। ऐसे में चार्टशीट चल रहे कुंडली नगरपालिका सचिव पवित्र गुलिया को नगर निगम में जेडटीओ का कार्यभार सौंपा गया है। उन पर अब तक लंबित 400 फाइलों के साथ रोजाना आने वाली करीब 60 शिकायतों का समाधान करवाने का बोझ है।

■ कुंडली नगरपालिका के सचिव पवित्र गुलिया ने शाखा का कार्यभार संभालाा



सोनीपत। नगर निगम कार्यालय में शिकायतें सुनते जोनल टैक्स अधिकारी पवित्र गुलिया

### अधिकारियों ने 22 वार्डों के कार्य को दो भागों में बांटा

नगर निगम क्षेत्र के कुल 22 वार्डों को प्रॉपर्टी आईडी संबंधी कार्यों के लिए दो भागों में बांटा गया है। प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित कार्य ऑनलाइन माध्यम से होते हैं। ऐसे में अधिकारी व कर्मचारियों अपनी यूजर आईडी से फाइल पर कार्य कर आगे जेडटीओ को ट्रांसफर करते हैं। यहां से कार्य पूर्ण होते हैं। ऐसे में नगरपालिका सचिव पवित्र गुलिया ने शुक्रवार को कार्यभार संभालने के बाद लंबित पड़ी फाइलों पर कर्मचारियों से जानकारी लेकर कार्य की शुरुआत की। फिलहाल उन्हें आधे वार्डों की प्रॉपर्टी आईडी आईडी संबंधी कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है।

### शिकायतों का तुरंत समाधान करना हमारी प्राथमिकता

उच्चाधिकारियों की ओर से सौंपी गई जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाया जाएगा। नगर निगम कार्यालय में कार्यभार संभालने के बाद पहले दिन प्रॉपर्टी आईडी शाखा के कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शाखा में आई 50 फाइलों का समाधान करवाया गया। साथ ही अन्य फाइलों पर भी कार्य शुरू करवाया गया। अब लोग कार्यालय पहुंचकर अपने कार्य करवा सकते हैं। प्राथमिकता के आधार पर कार्यों का निपटारा होगा
**-पवित्र गुलिया**, कार्यकारी जोनल टैक्स अधिकारी, नगर निगम

### *आठ लाख आय दिखा दिव्यांग परिवार का बीपीएल कार्ड काटा*



*सोनीपत। हुकमी मुहाना निवासी एक दिव्यांग बीपीएल परिवार की फैमिली आईडी में गलत तरीके से आठ लाख रुपये की इनकम दर्शाए जाने के कारण उनका बीपीएल कार्ड काट दिया गया, जिससे उन्हें मिलने वाली सभी सरकारी सुविधाएं बंद हो गई हैं। पीड़ित परिवार ने जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के साथ एडीसी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि वह पिछले छह महीनों से लगातार बीडीपीओ कार्यालय और एडीसी कार्यालय के चक्कर काट रहा है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि फैमिली आईडी में गलत इनकम और संपति दर्ज होने के कारण कई गरीब परिवारों के बीपीएल कार्ड काटे जा रहे हैं। इससे जरूरतमंद लोगों को राशन, पेंशन व अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही।*

तीन पर केस दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार

# सिर पर रॉड मारकर की थी सोनू की हत्या, हाथों से मिट्टी खोदकर शव दबाया

**गन्नौर**। बेगा गांव से चार दिन पहले लापता हुए 29 वर्षीय युवक का शव बेगा गांव में यमुना नदी के किनारे मिट्टी में दबा मिला। थाना गन्नौर पुलिस ने देर रात एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर उसकी निशानदेही पर शुक्रवार सुबह ड्यूटी मजिस्ट्रेट, एफएसएल टीम की मौजूदगी में शव को बाहर निकलवाया। इस संबंध में पुलिस ने गांव के ही फिरोज, संजय व कुलदीप के खिलाफ हत्या केस दर्ज कर एक आरोपित फिरोज को गिरफ्तार भी कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार बेगा गांव में सोनू, फिरोज, संजय व कुलदीप ने यमुना नदी के पास पहले शराब पी। शराब पीने के दौरान पुराने झगड़े को लेकर उनकी फिर आपस में कहासुनी हो गई। आपसी कहासुनी झगड़े में बदल गई, जिसमें फिरोज, संजय और कुलदीप ने सोनू की लोहे की राड से सिर पर वार कर हत्या कर दी। बाद में शव को हाथों से मिट्टी खोदकर दबा दिया।



■ शराब पीने के दौरान कहासुनी के बाद हत्या
■ घर से दवाई लेने निकला था सोनू

### फिरोज की गिरफ्तारी के बाद खुला राज

सोनू की तलाश करने के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि फिरोज व उसके दो अन्य साथियों ने मिल कर सोनू की हत्या कर शव बेगा गांव में यमुना नदी के किनारे मिट्टी में दबा दिया है। इस सूचना पर पुलिस ने फिरोज को हिरासत में ले कर सख्ती से पूछताछ की तो उसने हत्या की वारदात कबूल ली। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक सोनू का आपराधिक रिकार्ड भी रहा है। सोनू पर अवैध हथियार रखने और गवाह को धमकाने के मामले में दो केस थाना गन्नौर दर्ज हैं। वहीं खरखौदा थाना में सोनू पर अवैध हथियार रखने व लूट के संबंध में दो केस दर्ज हैं।

### भाई की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया

जानकारी के अनुसार गांव बेगा निवासी सोनू शर्मा उर्फ टिटा 12 जनवरी की शाम दवाई लेने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। सोनू के भाई मोनू ने इसकी सूचना थाना गन्नौर में दी, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था।

## एसडीएम ने महिला शिक्षकों के बयान दर्ज किए

**खरखौदा**। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा में महिला अध्यापकों के बीच हुए झगड़ा चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में पहले ही शिक्षा निदेशालय, वरिष्ठ अधिकारियों व पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एसडीएम डॉ. निर्मल नागर द्वारा जांच की जा रही है। शुक्रवार को एसडीएम ने झगड़े से संबंधित पक्षों को कार्यालय में बुलाया और उनके बयान दर्ज किए गए, ताकि मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की जा सके। एसडीएम डॉ. निर्मल नागर ने बताया कि यह पुराना मामला है, जिसमें खरखौदा के बॉयज स्कूल में महिला अध्यापकों के बीच आपसी विवाद है। शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच की जा रही है।

निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए दोनों पक्षों को बुलाकर उनके बयान दर्ज किए गए हैं, ताकि जो भी दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। इस दौरान खरखौदा के खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार व मामले की जांच से जुड़ी कमेटी के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे

## सुरजीत घणघस ने संभाला बीईओ का कार्यभार

**गन्नौर**। सतीश कुमार की सेवानिवृत्ति के बाद कई महीनों से रिक्त पड़े खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर सुरजीत घणघस ने कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण करते ही राजकीय विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों तथा हरियाणा यूनाइटेड स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। सुरजीत घणघस पहले भी गन्नौर खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर रह चुके हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विद्यालयों में अनुशासन, पारदर्शी कार्यप्रणाली, शिक्षकों के सहयोग और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस मौके पर कर्मचारी भी मौजूद रहे।



## 12 फरवरी की हड़ताल को लेकर कर्मचारी संगठनों ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**गोहाना**। शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय परिसर में सफाई कर्मचारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सफाई कर्मचारियों को 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का निमंत्रण दिया गया। बैठक की अध्यक्षता गोहाना इकाई अध्यक्ष प्रेम सिंह ने की व संचालन सुंदर सिंह ने किया मुख्य वक्ता कर्मचारी नेता राजा भाई और सर्व कर्मचारी संघ गोहाना इकाई के अध्यक्ष सुरेश यादव रहे। यादव ने कहा कि कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी। यह हड़ताल ऐतिहासिक होगी। यादव ने कहा कि हाईकोर्ट के 25 व 31 दिसंबर के फैसले को लागू करवाने के लिए पूरे प्रदेश में 19 जनवरी को सभी जिला उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किए जाएंगे।

ऋषि कॉलोनी में झगड़ा सीसीटीवी में कैद, जांच में जुटी पुलिस

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में दी शिकायत
महिला पीजीआई रेफर

# सड़क पर सब्जी की रेहड़ी लगाने के विवाद में दो पक्ष भिड़े, महिला पर कार चढ़ाने का आरोप

**सोनीपत**। ऋषि कॉलोनी में सड़क पर सब्जी की रेहड़ी लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। घटना के दौरान एक महिला कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं कार सवार अधिवक्ता ने भी हमला करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें गली में खड़ी महिलाओं की ओर एक कार बढ़ती दिखाई दे रही है। विवाद की शुरुआत सडक़ पर रेहड़ी लगाने को लेकर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कहासुनी के बाद मामला बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इसी दौरान अफरा-तफरी मच गई। सीसीटीवी फुटेज में एक सफेद रंग की कार गली में मौजूद महिला को टक्कर मारती नजर आ रही है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।इस मामले में अधिवक्ता अनिल आंतिल ने बताया कि वह सुबह कोर्ट जाने के लिए निकले थे। रास्ते में गुड़ बेचने वाले की घोड़ी-गाड़ी और दूसरी ओर खड़ी रेहड़ी के कारण रास्ता बंद था। काफी देर इंतजार के बाद उन्होंने रेहड़ी को हटाया और कोर्ट चले गए। उनका आरोप है कि लौटते समय कुछ लोग लाठियों के साथ पहले से खड़े थे और उन्होंने उन पर जानलेवा हमला किया। बचाव में कार आगे बढ़ाने के दौरान यह हादसा हो गया। घायल अवस्था में उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक रेफर किया गया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से ऋषि कॉलोनी निवासी विश्राम सिंह ने आरोप लगाया कि वकील ने पहले उनकी रेहड़ी पलट दी और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद कार से टक्कर मारकर महिला को घायल कर दिया गया। महिला से अभद्रता का भी आरोप है।





### सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही पुलिस

सिविल लाइन थाना प्रभारी उमेश का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायतें मिली हैं। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का निपटारा होगा।

# युवक पर दुष्कर्म का आरोप, फोटो सोशल मीडिया पर किए वायरल

**सोनीपत**। कुंडली और बहालगढ़ थाना क्षेत्र में यौन शोषण के अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पीड़ित युवती व महिला के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है कुंडली थाना में महिला ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि उसकी सूरज नामक के युवक से पहचान थी, जो धीरे-धीरे दोस्ती में बदल गई। महिला का आरोप है कि सूरज ने उसे झांसे में लेकर उसके साथ यौन शोषण किया। इस दौरान आरोपी ने उसके आपत्तिजनक फोटो भी बना लिये। महिला का आरोप है कि बाद में सूरज के रिश्तेदार मनोज ने यह अश्लील फोटो वायरल कर दिए, जिससे उसे मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी। पुलिस ने दुष्कर्म व आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मामले के जांच अधिकारी ने कहा कि जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

■ पुलिस ने दुष्कर्म व आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया

### शादी का झांसा देकर नरेला की युवती से रिश्तेदार ने किया गलत काम

दिल्ली के नरेला क्षेत्र की रहने वाली 19 वर्षीय युवती ने अपने रिश्तेदार नाजिम पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि यूपी के जिला बागपत का नाजिम 16 मई 2025 को उसे बहालगढ़ क्षेत्र के एक होटल में ले गया, जहां शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। युवती का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी ने उसे धमकाया, जिस कारण वह लंबे समय तक डर के चलते चुप रही। बाद में साहस जुटाकर उसने बहालगढ़ थाना में शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि युवती की शिकायत पर कार्रवाई चल रही है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले में अन्य सबूत भी जुटाने की भी प्रक्रिया चल रही है।





# बॉर्डर 2 का ट्रेलर देख खड़े हुए रोंगटे, सनी के कायल हो गए फैंस

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर फैंस के बीच रिलीज से पहले ही क्रेज देखा जा रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आए तो फैंस काफी खुश हुए। बॉर्डर 2 के ट्रेलर में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी आर्मी, नेवी और एयरफोर्स ऑफिसर के रूप में नजर आए। सभी की एक्टिंग की झलक ट्रेलर में देखने को मिली। लेकिन, फैंस को सबसे ज्यादा सनी देओल ही भाए। एक यूजर्स ने लिखा, 'सनी देओल स्क्रीन पर ईमानदारी से अभिनय करते हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सनी देओल की स्क्रीन प्रेजेंस सॉलिड है।'इसी तरह के कमेंट्स कई फैंस ने सनी देओल को लेकर किए। खास ट्रेलर में सनी देओल के कहे गए डायलॉग सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आए हैं। वहीं, कुछ लोगों को दिलजीत दोसांझ भी एयरफोर्स ऑफिसर के रोल में खूब जंचे। फिल्म के ट्रेलर में वरुण धवन और अहान शेट्टी का अभिनय भी दर्शकों को पसंद आया। कुल मिलाकर सभी एक्टर्स, अपने-अपने किरदारों में खूब जमे हैं। फिर 'बॉर्डर' के फैंस रहे लोग, 'बॉर्डर 2' को लेकर एक्साइटेड हैं।

लाइफ Style

# भूमि वेब सीरीज में दिखेगा बेखौफ अंदाज



मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर 'दलदल' सीरीज का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। इस क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में भूमि पेडनेकर का दमदार लुक देखकर फैंस सरप्राइज हो गए हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'दलदल' के फर्स्ट लुक पोस्टर के बाद शुक्रवार को निर्माताओं ने इसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया है। इसके टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। वेब सीरीज 'दलदल' के टीजर में भूमि पेडनेकर डीसीपी रीता फरेरा के रूप में एक क्रूर हत्यारे का पीछा करते हुए एक जोखिम भरे खेल में नजर आती हैं। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज मुंबई क्राइम ब्रांच की नवनियुक्त डीसीपी रीता फरेरा की कहानी बताती है, जिनका किरदार भूमि सतीश पेडनेकर ने निभाया है।

रीता फरेरा को एक बेरहम हत्यारे से लड़ते हुए अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। 'दलदल' सीरीज में भूमि पेडनेकर के अलावा समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'दलदल' का प्रीमियर 30 जनवरी को भारत में और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों में प्राइम वीडियो पर होगा। बेस्टसेलर किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित 'दलदल' को सुरेश त्रिवेनी ने लिखा है और विक्रम मल्होत्रा और त्रिवेनी ने प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला




# जोई सल्डाना ने तोड़ा स्कारलेट जोहानसन का रिकॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** 'अवतार' की नेत्री और एमसीयू की गमोरा ने नया इतिहास रचा है। जी हां, इन दोनों किरदारों को निभाने वाली जोई सल्डाना अब हॉलीवुड की सबसे अधिक कमाई करने वाली एक्टर बन गई हैं। उन्होंने स्कारलेट जोहानसन को पछाड़कर यह मुकाम पाया है। 47 साल की जोई को यह उपलब्धि उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर 'अवतारः फायर एंड ऐश' के कारण मिली है। जेम्स कैमरून की इस फिल्म ने एक्ट्रेस के पूरे कॅरियर के ग्लोबल बॉक्स ऑफिस कमाई को $16.8 बिलियन यानी 151530 करोड़ रुपए के पार पहुंचा दिया है। साल 1999 में 'लॉ एंड ऑर्डर' टीवी सीरज से एक्टिंग कॅरियर शुरू करने वाली जोई को अब तक 1 ऑस्कर अवॉर्ड, एक बाफ्टा अवॉर्ड, एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड, एक सीएजी अवॉर्ड और एक कान फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड मिल चुके हैं। वह 'टाइम' मैगजीन की 2023 की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में जगह बना चुकी हैं।




# 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए लाइव काउंटडाउन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** यदि आप मार्वल स्टूडियो और सुपरहीरोज के फैन हैं, तो आपको भी यूट्यूब पर स्क्रॉल करते हुए अचानक एक सरप्राइज मिला होगा! मार्वल स्टूडियो ने अपनी अगली रिलीज 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए एक लाइव काउंटडाउन शुरू किया है। अभी इस फिल्म की रिलीज में पूरे 11 महीने की दूरी है। ऐसे में मन में सवाल उठता है कि फिर इतना लंबा काउंटडाउन क्यों? यकीनन, यह एक्साइटमेंट बढ़ाने वाला है, खासकर तब जब हजारो फैंस हर दिन कुछ ना कुछ देर तक इस काउंटडाउन पर घड़ी की 'टिक-टिक' की रहस्य जगाती आवाज सुन रहे हैं। अब फैंस की थ्योरी ये है कि फिल्म का टाइटल, डूम्सडे, सिर्फ डॉक्टर डूम के बारे में नहीं है। यह मार्वल यूनिवर्स के अंत का काउंटडाउन है। असल दुनिया में, 'डूम्सडे क्लॉक' जलवायु परिवर्तन, परमाणु युद्ध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कारकों से प्रभावित होती है। इसी तरह 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का काउंटडाउन, एमसीयू और इसके मल्टीवर्स के अंत का सूचक हो सकता है। हमने 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' में इनकर्शन के बारे में सुना है।



# वीर से ब्रेकअप की खबरों के बीच पहली बार नजर आईं तारा

**मुंबई।** तारा सुतारिया इन दिनों अपने ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की खबरों के बीच अब पहली बार तारा सुतारिया नजर आईं। वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक बार फिर चर्चाओं में हैं। अक्सर अपने रोमांटिक पल और अफेयर को लेकर चर्चाओं में रहने वाला ये कपल, इस बार अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चाओं में हैं। पिछले लगभग एक हफ्ते से तारा और वीर के ब्रेकअप की खबरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। इस बीच वीर अकेले नजर भी आए और उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट भी साझा की। अब ब्रेकअप की रूमर्स के बीच पहली बार तारा सुतारिया पैप्स के कैमरे में कैद हुई हैं। अपनी फर्स्ट पब्लिक अपीयरेंस में तारा अकेली ही नजर आईं, उनके साथ वीर पहाड़िया इस बार नहीं दिखे। जिसके बाद दोनों के ब्रेकअप की खबरों को और भी बल मिलता है।



# दृश्यम 3 की शूटिंग शुरू इशिता ने शेयर कीं तस्वीरें

**मुंबई।** अजय देवगन की ऑनस्क्रीन बेटी इशिता दत्ता ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'दृश्यम 3' के बारे में जानकारी शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। शुक्रवार से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इशिता दत्ता ने इंस्टाग्राम पर 'दृश्यम 3' के सेट से दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर 'दृश्यम 3' के क्लैपबोर्ड की है और दूसरी तस्वीर में इशिता अपनी वैनिटी वैन के सामने खड़ी नजर आ रही है। इन तस्वीरों के साथ इशिता ने कैप्शन में लिखा, 'क्या मुझे और कुछ कहने की जरूरत है। फिल्म 'दृश्यम 3' में पहले फिल्म के स्टार्स नजर आएंगे, जिनमें अजय देवगन, इशिता, तब्बू और श्रिया सरन मुख्य भूमिका में दिखेंगे। यह सस्पेंस थ्रिलर सीरीज का तीसरा और आखिरी हिस्सा होगा, जिसके लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# व्हील ऑफ फॉर्च्यूनः अक्षय लेकर आए पैसे कमाने का नया तरीका

**नई दिल्ली।** नए रियलिटी टीवी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो आ गया है, जो चर्चा बटोर रहा है। यह शो 27 जनवरी से शुरू होगा और इसे अक्षय कुमार होस्ट करते नजर आएंगे। अक्षय कई साल बाद टीवी पर बतौर होस्ट वापसी कर रहे हैं। साथ ही वह इस शो के जरिए दर्शकों के लिए नए तरीके से पैसे कमाने का मौका लेकर आए हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के प्रीमियर से पहले मेकर्स ने प्रोमो शेयर किया है, जिसमें अक्षय कुमार शो के फॉर्मेट के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो शुरू होता है तो अक्षय कुमार तीन कंटेस्टेंट्स के साथ बात करते नजर आते हैं। वह उनसे कहते हैं, 'मैं आप तीनों के लिए एक नई कैटिगरी लेकर आया हूं- पति पत्नी। फिर बजर टाइम का ऐलान करते हैं और व्हील ऑफ फॉर्च्यून दिखाते हैं। इसके बारे में अक्षय कहते हैं- स्पिन करो और विन करो। खास बात यह है कि अगर व्हील स्पिन करने पर नाग आ गया तो कंटेस्टेंट ने जितना भी पैसा जीता है, वह वापस चला जाएगा यानी कंटेस्टेंट से छिन जाएगा। प्रोमो में दिखाया गया है कि पहले कंटेस्टेंट को अक्षय कुमार एक पहेली सुलझाने का टास्क देते हैं। कंटेस्टेंट जो अक्षर बताता है, उसके साथ ही वह व्हील को घुमाता है। व्हील पर अलग-अलग रकम लिखी है और जहां-जिस रकम पर व्हील घूमने के बाद रुकेगा, उतनी रकम कंटेस्टेंट जीत जाएगा।

## लोगों ने पूछी काला नमक चावल की रेसिपी

**नई दिल्ली।** अर्चना पूरन सिंह एक बार फिर अपने नए व्लॉग को लेकर आ चुकी हैं। और इस बार उनके पति ही उनका मजाक उड़ाते नजर आए, वो भी शराब पीने को लेकर। अर्चना ने कहा कि कपिल शर्मा ने उनका नाम खराब किया है। फिर लोगों ने उनसे काला नमक चावल की रेसिपी पूछी। अर्चना पूरन सिंह अपने यूट्यूब चैनल पर 'आप का परिवार' नाम से एक नया व्लॉग लेकर वापस आ गई हैं। इस बार उनका पूरा परिवार घर पर साथ समय बिता रहा है और वे अपने रूटीन को कैमरे में कैद कर रहे हैं। व्लॉग के दौरान, अर्चना और उनके पति परमीत सेठी ने ब्रांड प्रमोशन और घर में कौन ज्यादा जगह घेरता है, जैसे मुद्दों पर मजेदार बातचीत की। डीडीएलजे एक्टर ने यह भी बताया कि एकता कपूर पर उनके खोए हुए अरमानी सूट के 2 लाख रुपए बकाया हैं। व्लॉग की शुरुआत में, सेठी परिवार ने एक साथ फुटबॉल मैच देखा, फिर वे अपने-अपने कामों में लग गए। अर्चना एक ब्रांड के साथ मीटिंग में शामिल हुईं, जिसका वे प्रचार करती हैं, और उन्होंने कहा, 'मीटिंग अच्छी रही।



# ओ रोमियो का पहला गाना रिलीज अरिजीत की आवाज ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** शाहिद कपूर की आगामी फिल्म ओ रोमियो का पहला गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। इसके साथ ही विशाल भारद्वाज और गुलजार की जोड़ी एक बार फिर लौटी है, वो भी अरिजीत सिंह की आवाज के साथ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर में इस गाने की एक लाइन सुनने के बाद से ही फैंस गाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब शुक्रवार को मेकर्स ने ये गाना रिलीज कर दिया है। गाने में तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। ये जोड़ी पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आ रही है। लेकिन गाने में दोनों की केमिस्ट्री देखकर ऐसा लगता है कि ये जोड़ी दर्शकों को पसंद आ सकती है। गाने की शुरुआत में तृप्ति डिमरी का किरदार कहता है, 'कोई कैसे किसी से इतना प्यार कर सकता है?' गाने में प्यार, रोमांस, केयर और इमोशन सबकुछ देखने को मिलता है।



## तृप्ति-शाहिद की रोमांटिक केमिस्ट्री

*शाहिद का रफ लवर का लुक काफी जचता है। वहीं एक झलक अविनाश तिवारी की भी दिखती है। हमेशा की तरह इस बार भी विशाल भारद्वाज की फिल्म में संगीत उन्हीं का है और गाने को लिखा गुलजार ने ही है। इस गाने को आवाज दी है प्यार का पर्याय बन चुके अरिजीत सिंह ने। गाना स्लो-रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे आप सुनकर सुकून महसूस कर सकते हैं। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को वेलेंटाइन वीक में रिलीज होगी। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और फरीदा जलाल जैसे सितारे शामिल हैं। पिछले दिनों फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। अब दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।*

# ओटीटी पर इन फिल्मों और सीरीज ने दी दस्तक

**नई दिल्ली।** शुक्रवार 16 जनवरी को सिनेमाघरों में कई नई फिल्मों ने दस्तक दी है। मगर, इस कड़ाके की सर्दी में क्या आप घर बैठे ही कुछ शानदार देखना चाहते हैं? तो आपके वीकएंड को खास बनाने के लिए कई नई फिल्मों और सीरीज ने दस्तक दी है। सिनेमाघरों में इन दिनों बहार है। धुरंधर का खुमार अब तक उतरा नहीं है। वहीं, शुक्रवार को राहु केतु और हैप्पी पटेल जैसी फिल्मों ने भी दस्तक दी है। मगर, इस सर्द मौसम में अगर आप थिएटर जाने की बजाय घर बैठे ही कुछ रोमांचक देखना चाहते हैं तो ओटीटी के पिटारे में भी काफी कुछ खास है।

### मस्ती 4

लोकप्रिय फ्रेंजाईजी 'मस्ती' की चौथी कड़ी 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। इसे 16 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा। इसमें रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी और विवेक ओबेरॉय जैसे सितारे हैं।

## यह वीकएंड होगा बेहद खास, मस्ती से 120 बहादुर तक



### 120 बहादुर

फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर बीते वर्ष नवंबर में रिलीज हुई थी। इसकी कहानी और सितारों के अभिनय की काफी तारीफ हुई। अब सेना की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म आज शुक्रवार से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह फिल्म आप पूरे परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं।

### भा भा बा

फिल्म 'भा भा बा' का लुत्फ भी आप इस वीकएंड पर उठा सकते हैं। यह 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। बता दें कि फिल्म 18 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें दिलीप और मोहनलाल जैसे साउथ सितारे हैं।

### गुर्रम पापी रेड्डी और कलमकावल

साउथ फिल्म गुर्रम पापी रेड्डी भी लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। वहीं, ममूटी अभिनीत फिल्म कलमकावल भी 16 जनवरी से सोनी लिव पर स्ट्रीम हो गई है।

### तस्करी द स्मगलर वेब

इमरान हाशमी इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'तस्करी द स्मगलर वेब' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सीरीज 14 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। अगर आपने नहीं देखी है, तो इस वीकएंड इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। इसमें शरद केलकर, अमृता खानविलकर, नंदिश सिंह संधू, अनुराग सिन्हा और जोया अफरोज अहम भूमिकाओं में हैं।

## प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी थे खूब चर्चे

# ओपी को आशा से दिल लगाना पड़ा था भारी! लता से 36 का आंकड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओपी नैय्यर फिल्म इंडस्ट्री के वो चमकते सितारे थे जिनके जाने के बाद भी उनके काम की चर्चा आज तक होती है। केवल प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनके खूब चर्चे थे। आशा भोसले के साथ 14 साल के रिश्ते ने उनकी जिंदगी बदलकर रख दी। परिवार से तो दूर हुए ही। प्यार भी नसीब नहीं हुआ।

### सड़क पर फेंक दिया अवॉर्ड

सिराज खां ने इस बारे में कहा था, 'नैय्यर साहब अपनी कार से वापस लौट रहे थे। उनकी कार में गीतकार एसएच बिहारी बैठे हुए थे। सड़क पर उस समय सन्नाटा था। अचानक नैय्यर साहब ने कार का शीशा नीचा किया और वो ट्राफी फेंक दी जो एक खंभे से टकराई। आखिरी आवाज जो उन्होंने सुनी, जैसे कोई चीज चूरचूर हो जाती है। उन्होंने बगल में बैठे हुए बिहारी साहब से कहा कि ये जो आपने ट्रॉफी टूटने की आवाज सुनी, इसके साथ ही आशा इज आउट ऑफ माई लाइफ... फॉएवर।'

### शमशाद और गीता दत्त से कर लिया था किनारा

ओ पी नैय्यर को नजदीक से जानने वाले सिराज खां ने बातचीत में बताया था, 'मेरा ख्याल है इस तरह का रिश्ता बॉलीवुड क्या हॉलीवुड में भी नहीं हुआ है। उनकी प्रोफेशनल रिलेशनशिप रोमांस में बदल गई और 1958 से लेकर 1972 तक यानी 14 सालों तक उनका साथ रहा। ये बहुत गहरा साथ था। आप सोचिये एक शादीशुदा शख्स जिसके चार बच्चे हैं और एक तलाकशुदा महिला खुलेआम बंबई में घूमा करते थे।' नैय्यर साहब ने खुद भी इंटरव्यू में कहा था, 'ये तो सुना था कि लंव इज ब्लाइंड, लेकिन मेरे मामले में लव ब्लाइंड के अलावा डीफ यानी बहरा भी था क्योंकि आशा की आवाज के अलावा मैं और कोई आवाज सुन नहीं पाता था।' यही कारण था कि उन्होंने शमशाद बेगम और गीता दत्त से खुद को किनारे कर लिया था।



### 1952 में आसमान से कॅरियर किया शुरू

साल 1926 में लाहौर में जन्मे ओपी नैय्यर ने 1952 में 'आसमान' फिल्म से अपना कॅरियर शुरू किया, लेकिन उन्हें असली पहचान गुरु दत्त की फिल्मों से मिली। 'रिदम किंग' और 'ताल का बादशाह' कहे जाने वाले नैय्यर ने 'आर पार', 'मिस्टर एंड मिसेज 55', 'सीआई डी' और 'तुम सा नहीं देखा' जैसी फिल्मों के लिए काम किया और उनके काम ने उन्हें हर तरफ जगमगा दिया। जितनी उनके प्रोफेशनल लाइफ की चर्चा होती थी, उतनी ही पर्सनल लाइफ की भी। आशा भोसले के साथ उनके रिश्ते ने उनकी जिंदगी को झकझोरकर रख दिया। उसके बाद न तो वो अपने परिवार के रहे और न ही आशा भोसले के हो पाए। आशा भोसले को सुपरहिट बनाने का श्रेय अगर किसी को दिया जा सकता है तो वो थे ओपी नैय्यर। उन्होंने आशा की आवाज और रेंज का फायदा उठाते हुए उन्हें मौके दिलवाए। उन्हीं की वजह से आशा भोसले को उनकी पहचान मिली जो आज भी हर किसी के दिल में बनी हुई हैं।

### 14 साल तक चला रिश्ता

मशहूर संगीत इतिहासकार राजू भारतन अपनी किताब 'अ जर्नी डाउन मेमोरी लेन' में लिखते हैं, 'ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के प्रति प्यार इस हद तक था कि एक बार उन्होंने बिना कोई शब्द कहे गीता दत्त का फोन रख दिया था। गीता दत्त ने सिर्फ ये पूछने के लिए फोन किया था कि मैंने ऐसी क्या खता की कि अब आप मुझे गाने के लिए नहीं बुलाते? 'ये वही गीता दत्त थीं, जिन्होंने ओ पी नैय्यर की पहले पहल गुरु दत्त से सिफारिश की थी। ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के साथ रिश्ता 14 सालों तक चला। एक जमाने में ओ पी नैय्यर की कैडलक कार में घूमने वाली आशा भोंसले ने 1972 में इस रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया।'

### हमेशा के लिए बना ली दूरी

इसके बाद आशा भोसले और ओपी नैय्यर ने एक साथ कभी कहीं कदम नहीं रखा। लेकिन, इससे पहले उन्होंने 'प्राण जाए पर वचन न जाए' फिल्म के लिए एक गाना रिकॉर्ड किया, जिसे 1973 का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। आशा उस इवेंट में नहीं गई थीं। ओपी नैय्यर ने उनकी तरफ से अवॉर्ड लिया और घर वापस लौटते समय उन्होंने वो ट्रॉफी चलती कार से सड़क पर फेंक दी।

## खबर संक्षेप



### इनेलो के युवा सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक

**गन्नौर।** इनेलो पार्टी के जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने शुक्रवार को जीटी रोड स्थित ब्लाकाध्यक्ष के कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में 22 जनवरी को होने वाले युवा जिला स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की और सम्मेलन को लेकर जिम्मेदारियां सौंपीं। गहलावत ने बताया कि 22 जनवरी को इनेलो पार्टी कार्यालय, राठधना रोड सोनीपत में आयोजित सम्मेलन को युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष करण सिंह चौटाला संबोधित करेंगे। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश त्यागी, महिला जिलाध्यक्ष मंजीत फौगाट, ब्लाकाध्यक्ष बिजेंद्र शेखपुरा, अनिल मलिक, सुनील, आशु, भुपेंद्र , विकास मलिक, विक्रम ढांगी आदि मौजूद रहे।

### सागर दहिया बने युवा जेजेपी के अध्यक्ष

**खरखौदा।** जननायक जनता पार्टी ने अपनी युवा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन किया है। जिसमें रोहट गांव निवासी छात्र नेता सागर दहिया को युवा प्रकोष्ठ में पदोन्नत कर युवा जननायक जनता पार्टी का खरखौदा हलका अध्यक्ष नियुक्त किया गया।



सागर दहिया

सागर दहिया इससे पहले छात्र संगठन इनसो के हलका अध्यक्ष थे। अपनी नियुक्ति पर सागर दहिया ने पार्टी सुप्रीमो डॉ अजय सिंह चौटाला , पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, युवा जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, बरोदा से पूर्व प्रत्याशी व इनसो प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक, सोनीपत जिलाध्यक्ष अशोक सरोहा, युवा जिलाध्यक्ष अजय कुहाड़ व छात्र नेता शुभम नैन का आभार व्यक्त किया है।

---

पीएमश्री राजकीय विद्यालय छतेहरा व बेगा में कलरफुल डस्टबिन के लिए राशि जारी

# जिले के दो पीएमश्री विद्यालयों में सौंदर्यीकरण की तैयारी, विभाग ने सौंपी 2.30 लाख की ग्रांट

### हर्बल गार्डन में मेडिसिनल प्लांट की होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




**सोनीपत।** सेक्टर-14 स्थित जिला शिक्षा विभाग का कार्यालय।

वर्ष 2025-26 के शैक्षणिक सत्र में जिला के 2 शेष बचे पीएमश्री राजकीय विद्यालयों को 2.30 लाख रुपये का बजट जारी किया गया है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से जारी बजट की राशि स्वच्छता योजना, हर्बल गार्डन में औषधीय पौधे (मेडिसिनल प्लांट) लगाने, विज्ञान एवं गणित विषय पर गतिविधियों जैसे कार्यों पर खर्च की जाएगी। इन विद्यालयों को बजट की राशि मार्च 2026 तक 100 फीसदी संबंधित कार्यों पर खर्च करनी होगी।

शिक्षा विभाग की ओर से जिला में कुल 11 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इनमें से 9 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों को सत्र के शुभारंभ पर विभिन्न कार्यों के लिए बजट जारी किया गया था, जबकि 2 विद्यालय अब तक बजट से वंचित थे। परिषद ने अब समग्र शिक्षा के तहत गांव छतेहरा व बेगा के पीएमश्री राजकीय विद्यालय को बजट जारी किया है। जारी किए गए बजट को अलग-अलग कार्यों पर खर्च किया जाएगा। शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि गांव छतेहरा व बेगा के पीएमश्री राजकीय विद्यालय को कलरफुट डस्टबिन के लिए 20-20 हजार रुपये, जैविक खाद (केंचुओं के लिए) 20-20 हजार व हर्बल गार्डन में औषधीय पौधे लगाने के लिए 30-30 हजार रुपये की राशि जारी की गई है। इसके अलावा सभी 11 पीएमश्री विद्यालयों के लिए विज्ञान एवं गणित विषय पर गतिविधियों के लिए 1000 रुपये प्रति विद्यालय की राशि दी गई है। दो विद्यालयों के बीच संवाद जैसी गतिविधियों के लिए 3000 रुपये प्रति विद्यालय राशि जारी की गई थी। साथ ही इन विद्यालयों में पढ़ रही 23 दिव्यांग छात्राओं के लिए 2000 रुपये प्रति छात्रा के हिसाब से 46000 का बजट विद्यालयों को सौंप दिया गया है। सभी विद्यालय उक्त बजट को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए मार्च 2026 तक खर्च कर सकेंगे।

**विद्यालयों को निर्देशानुसार ही खर्च करना होगा बजट**

जिला में शेष बचे दो पीएमश्री राजकीय विद्यालयों को बजट जारी कर दिया गया है। विद्यालय प्रबंधन उक्त राशि को विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए संबंधित कार्यों पर ही खर्च कर सकेंगे। विद्यालयों को निर्देशानुसार ही बजट को खर्च करना होगा। जिसका ब्योरा विभाग को देना अनिवार्य रहेगा।
-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

---

# नौकरी देने वाले बाहर के हैं तो पाने वाले हरियाणा के कैसे हो सकते हैं : दीपेन्द्र

- एचपीएससी चेयरमैन के बयान के आधार पर उन्हें तुरंत बर्खास्त किया जाए और 3 करोड़ हरियाणावासियों में से किसी काबिल व्यक्ति को चैयरमैन बनाया जाए : हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** भठगांव पहुंचे सांसद दीपेंद्र हुड्डा साथ में अन्य। फोटो : हरिभूमि

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि जब नौकरी देने वाले (एचपीएससी चेयरमैन) बाहर के हैं तो नौकरी पाने वाले हरियाणा के कैसे हो सकते हैं? उन्होंने एचपीएससी चेयरमैन, बीजेपी नेताओं द्वारा लगातार हरियाणा के युवाओं को कमतर बताने पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर हरियाणा के युवा काबिल नहीं हैं तो यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में कैसे टॉप हो रहे हैं। हरियाणा की यूनिवर्सिटियों से पढ़कर निकले युवा देश-विदेश में आगे जा रहे हैं। उन्होंने मांग करी कि एचपीएससी चैयरमैन के बयान के आधार पर उन्हें बर्खास्त किया जाए। एचपीएससी चैयरमैन को तुरंत हटाकर 3 करोड़ हरियाणावासियों में से किसी काबिल व्यक्ति को चैयरमैन बनाया जाए। क्योंकि, जब से बाहर के प्रदेश से लाकर एचपीएससी चैयरमैन बनाया गया है तब से ज्यादातर अन्य प्रदेशों के बच्चे ही चयनित हो रहे हैं।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस दौरान विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, पूर्व विधायक नीरज शर्मा, जयभगवान दीपालपुर, सुरेंद्र दहिया, मनोज रिढ़ाऊ, संजय बड़वासनी, कमल हसीजा, बंसी कुंडू आदि मौजूद रहे।

---

# विधायक ने नवनिर्मित गली का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

विधायक पवन खरखौदा ने शहर के वार्ड नंबर 9 में दस लाख रुपये की लागत से निर्मित गली का रिबन काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। वार्ड पार्षद नगर पालिका की हाउस मीटिंग में अपने-अपने वार्डों से संबंधित विकास कार्यों का प्रस्ताव पास करें। विकास कार्यों के लिए पैसे की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उनका लक्ष्य क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को पूरा करवाना है। उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। गलियों का निर्माण, निकासी की व्यवस्था, पीने के पानी की लाइन, स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओ की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस अवसर पर नपा सचिव मनीष रेढ़ू, मुकेश, पार्षद अनिल, गोपाल सैनी, संदीप कुमार, संजय पंवार आदि मौजूद रहे।




**खरखौदा।** फीता काटकर गली का लोकार्पण करते विधायक पवन। फोटो : हरिभूमि

---

# नवाचार, उद्यमिता, शिक्षा और सामाजिक बदलाव के वाहक होते हैं युवा : लक्ष्मीनारायण

- प्रत्येक युवा को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** योग करते छात्र। फोटो : हरिभूमि

भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, सोनीपत के द्वारा जिले में चलाए जा रहे मिशन फिट सोनीपत कार्यक्रम के तहत राठधना रोड स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सोनीपत द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम में पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी व सूर्यनमस्कार के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर इंजीनियर लक्ष्मीनारायण ने संबोधित करते हुए बताया कि प्रत्येक युवा को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी देश की रीढ़ होते हैं,जो अपनी ऊर्जा,नवीन विचारों और उत्साह से राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे नवाचार,उधमिता, शिक्षा और सामाजिक बदलाव के वाहक होते हैं, जो राष्ट्र को नई दिशा दिखाते हुए नई तकनीकों को अपनाने और अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देकर राष्ट्र को प्रगति की ओर ले जाते हैं तथा भविष्य के नेताओं के रूप में देश का भविष्य तय करते हैं।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर संस्थान द्वारा आयोजित पोस्टर बनाओ, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मेजर संजय श्योराण, मंजीत दहिया, सुरेश ढांडा, सुनीता, सुनील कुमारी, नीरज, हरदीप आदि उपस्थित रहे।

---

# थाना सिविल लाइन में होटल, ढाबा व टैक्सी कारोबारियों के साथ गोष्ठी

- संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और दस्तावेजों की जांच पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** बैठक के दौरान मौजूद पुलिस अधिकारी साथ में अन्य। फोटो : हरिभूमि

पुलिस महानिदेशक हरियाणा अजय सिंघल के निर्देशानुसार तथा पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह के मार्गदर्शन में थाना सिविल लाइन सोनीपत में होटल-ढाबा संचालकों, टैक्सी एसोसिएशन और गाड़ी सेल-परचेज कारोबारियों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता सहायक पुलिस आयुक्त सोनीपत अमित धनखड़ ने की। बैठक में थाना सिविल लाइन क्षेत्र के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। गोष्ठी के दौरान अमित धनखड़ ने होटल और ढाबा संचालकों को निर्देश दिए कि उनके यहां ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का पहचान पत्र अनिवार्य रूप से जांचा जाए और उसका पूरा रिकॉर्ड रजिस्टर अथवा पोर्टल पर दर्ज किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना पहचान पत्र किसी भी व्यक्ति को ठहराना कानूनन अपराध है और ऐसी लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को देने के निर्देश भी दिए गए।

**सीसीटीवी कैमरों की गुणवत्ता का रखें ध्यान**

इसके अलावा सभी होटल, ढाबा और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने और उन्हें चालू हालत में रखने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी रिकॉर्डिंग कम से कम 30 दिनों तक सुरक्षित रखी जाए, ताकि किसी भी घटना की स्थिति में जांच में सहायता मिल सके।

---

निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी बिना बताए रजिस्टर में एंट्री करने के बाद अनुपस्थित पाए गए

# एसडीएम ने किया विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण

### कुछ कार्यालयों और पटवारखानों पर ताले लटके मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** हाजिरी रजिस्टर व अन्य दस्तावेजों की जांच करते एसडीएम निर्मल नागर।

एसडीएम डॉ. निर्मल नागर ने शुक्रवार को उपमंडल कार्यालय सहित विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी बिना बताए रजिस्टर में एंट्री किए अनुपस्थित पाए गए। जबकि कुछ कार्यालयों और पटवारखानों पर ताले लटके मिले। इस पर एसडीएम ने संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और लापरवाही बरतने वालों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। एसडीएम डॉ. निर्मल नागर ने स्पष्ट किया कि यदि किसी कर्मचारी को फील्ड ड्यूटी या अन्य किसी कार्य से बाहर जाना होता है, तो उसकी एंट्री रजिस्टर में अनिवार्य है। नियमों का पालन न किए जाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले भी चेतावनी दी जा चुकी है, इसके बावजूद लापरवाही बरती जा रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

**इन कार्यालयों का किया निरीक्षण**

निरीक्षण की शुरुआत उपमंडल कार्यालय स्थित ई-दिशा केंद्र से की गई, जहां कार्यप्रणाली संतोषजनक पाई गई। इसके बाद खजाना कार्यालय का निरीक्षण किया गया, जहां सभी कर्मचारी उपस्थित नहीं मिले और एक डी-ग्रुप कर्मचारी ड्रेस कोड के बिना मिला। अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पटवारखाने के निरीक्षण के दौरान ग्राउंड फ्लोर पर किसी भी पटवारी के कमरे में मौजूद न होने और ताले लगे होने की स्थिति मिली। प्रथम तल पर भी यही हाल रहा। चार पटवारी अनुपस्थित और चार उपस्थित पाए गए।खंड कृषि कार्यालय में भी कर्मचारी अनुपस्थित मिले हाजिरी रजिस्टर अव्यवस्थित पाया गया। एसडीएम ने खंड कृषि अधिकारी को सख्त कार्रवाई करने और जवाब तलब करने के निर्देश दिए। बागवानी कार्यालय में भी कोई कर्मचारी मौजूद नहीं मिला। बाहर एक कागज चस्पा था, जिसमें कर्मचारियों के फील्ड में होने की सूचना दी गई थी, लेकिन मूवमेंट रजिस्टर में इसकी पुष्टि नहीं पाई गई।

**रिकॉर्ड की जांच के निर्देश दिए**

*खाद्य एवं पूर्ति विभाग कार्यालय के निरीक्षण के दौरान एक ऑपरेटर द्वारा एक अधिकारी की अनुचित तरफदारी किए जाने पर एसडीएम ने उसे फटकार लगाई और उसके रिकॉर्ड की जांच के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आउटसोर्स या कच्चे कर्मचारियों को भी ड्रेस कोड का पालन करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।*

**जनसेवा को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम**

एसडीएम डॉ. निर्मल नागर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी अपने कक्ष के बाहर नाम, पद और मोबाइल नंबर अवश्य अंकित करें, ताकि आम नागरिकों को सही जानकारी मिल सके और उन्हें अनावश्यक परेशानी न हो। इस औचक निरीक्षण को प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता, अनुशासन और जनसेवा को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

---

## न्यूज डायरी

### रोजगार योग्यता कौशल विषय पर साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**सोनीपत।** प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत में संस्था के अध्यक्ष डा. ओपी परूथी के मार्गदर्शन में 10 से 16 जनवरी तक "रोजगार योग्यता कौशल" विषय पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ ओपी परूथी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। समापन समारोह में कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस मौके पर महिमा हुड्डा भी मौजूद रही। समारोह के दौरान प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### लवल किशोर बीईओ के पद पर हुए पदोन्नत




**गोहाना।** नवनियुक्त बीइओ लवल किशोर का सम्मान प्रकट करते हुए शिक्षक व कार्यालय के स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**गोहाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खंदराई के प्राचार्य लवल किशोर खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नत हो गए। उन्होंने शुक्रवार को कथूरा खंड के खंड शिक्षा अधिकारी (बीइओ) का पदभार ग्रहण कर लिया। नवनियुक्त बीइओ लवल किशोर ने शिक्षकों से कहा कि वे ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निवर्हन करते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करें। विद्यार्थी के जीवन में उसके माता-पिता के बाद एक गुरु ही ऐसा होता है जो उसे सही व गलत का ज्ञान करवाता है और एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर भूतपूर्व जिला शिक्षा अधिकारी परमेश्वरी हुड्डा, जितेंद्र नरवाल, डाइट के प्राचार्य अनिल श्योराण, कार्यकारी बीइओ पंकज कौशिक, सुरेंद्र नरवाल, सत्यवान कुंडू, जयपाल, गौरव कपूर, रवि चहल, मुंडलाना खंड के बीइओ राजकुमार पंघाल व शिक्षकगण मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन आवश्यक : नेगी



**खरखौदा।** प्रतियोगिता में भाग लेते महाविद्यालय के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार इतिहास विभाग द्वारा सरस्वती महोत्सव मनाया गया। जिसके तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ तराना नेगी के नेतृत्व में प्रतियोगिता आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित की जानी चाहिए। इस दौरान सरस्वती नदी के ऐतिहासिक भौगोलिक एवं धार्मिक महत्व को दर्शाया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ मनदीप, डॉ संगीता और विनोद मलिक द्वारा निभाई गई। इस प्रतियोगिता का आयोजन इतिहास विभाग प्रभारी डॉ किरण सरोहा ने किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजेश, परविस, जितेन्द्र और निखिल ने सहयोग किया ।

### राजलू गढ़ी अंडरपास में बिना बरसात जलभराव से वाहन चालकों को परेशानी



**गन्नौर।** सोनीपत से गन्नौर जाने वाले बादशाही रोड पर राजलू गढ़ी गांव के समीप करोड़ों रुपये की लागत से बने अंडरपास में बिना बरसात के ही पानी भरने से वाहन चालकों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। आश्चर्यजनक स्थिति यह है कि बारिश न होने के बावजूद अंडरपास में जलभराव बना रहता है, जिससे रोजाना गुजरने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों और वाहन चालकों का कहना है कि अंडरपास आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से बनाया गया था, लेकिन निर्माण के कुछ समय बाद से ही यहां जलभराव की समस्या सामने आने लगी। भूमिगत पानी के रिसाव के कारण अंडरपास में पानी जमा हो जाता है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग की है कि अंडरपास में बार-बार हो रहे जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और आवागमन सुरक्षित हो।

### एचएसवीपी, जन स्वास्थ्य व कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री आवास पर सौंपा ज्ञापन




**सोनीपत।** एचएसवीपी जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन मुख्यालय सोनीपत तथा हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच सोनीपत के प्रतिनिधिमंडल ने आज सुबह हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री को उनके निवास सेक्टर 3 चंडीगढ़ में लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर के नेतृत्व में दिया गया। आरके नागर ने बताया कि ज्ञापन में कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है। उन्होंने कहा कि जॉब सिक्योरिटी से संबंधित जारी पत्र में कर्मचारियों से पूर्व अधिकारी या ठेकेदार से रिकॉर्ड वेरीफिकेशन कराने की शर्त रखी गई है, जबकि पूर्व ठेकेदार वेरीफिकेशन से इनकार कर रहे हैं। इसके अलावा कई कर्मचारियों को ओटीपी नहीं मिल रहा, जिससे वे अपना रिकॉर्ड पोर्टल पर अपलोड नहीं कर पा रहे हैं। अनेक कर्मचारियों के नाम पोर्टल से हटा दिए गए हैं और उन्हें वेतन भी नहीं मिल रहा है। साथ ही कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों की आगामी अप्रूवल अभी तक लंबित है। काफी कर्मचारी अभी भी ठेकेदारी प्रथा के तहत कार्यरत हैं और उनके नाम कौशल रोजगार पोर्टल पर दर्ज नहीं किए गए हैं। यूनियन ने ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने और सभी कर्मचारियों को पोर्टल पर शामिल करने की मांग की है। इसके साथ ही 30 अक्टूबर 2025 को एचएसवीपी के उच्च अधिकारियों के साथ हुई वार्ता की प्रोसिडिंग तुरंत जारी करने, एचएसवीपी में बढ़ रहे भ्रष्टाचार की निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराने, सीनियर कर्मचारियों का वेतन जूनियर के बराबर करने तथा गलत प्रमोशन को दुरुस्त करने की मांग भी रखी गई। आरके नागर ने बताया कि इन्हीं मांगों को लेकर 15 जनवरी 2026 को एचएसवीपी मुख्यालय सेक्टर 6 पंचकूला में राज्यभर के हजारों कर्मचारियों ने धरना देकर रोष प्रदर्शन किया था। इसके बाद मुख्य प्रशासक चंद्रप्रकाश खरे ने यूनियन प्रतिनिधियों से वार्ता कर अधिकांश मांगों पर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया, जिसके चलते आगामी आंदोलन स्थगित कर दिया गया। आज मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया गया, जिस पर मुख्यमंत्री ने शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान सुरेश रोहिल्ला, महेंद्र शर्मा, समेश कुमार, विनोद कुमार, जैकब मसीह, परशुराम, हरप्रीत सिंह, विशाल कुमार, करण दिवाकर, आरके नागर और अशोक मलिक सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### लेखन प्रतियागिता में वंशिका ने मारी बाजी

**सोनीपत।** टीकाराम महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया। आईटीआई सोनीपत द्वारा आयोजित जिला स्तर के युवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान विभाग की छात्रा वंशिका ने लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान (नकद पुरस्कार 1100 रुपये) प्राप्त किया।

### प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में हिना व श्रुति की टीम अव्वल

**गोहाना।** राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना में शुक्रवार को सरस्वती महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिना और श्रुति पहले स्थान पर रहीं। वंशिका व नैंसी को दूसरा और तनिषा व स्वीटी को तीसरा स्थान मिला। भाषण प्रतियोगिता में स्वीटी व तनिषा पहले स्थान पर रही। शीतल को दूसरा व नैंसी को तीसरा स्थान मिला। प्राचार्या मीनाक्षी सांगवान ने छात्राओं सम्मानित किया। उन्होंने सरस्वती नदी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह नदी हमारी सभ्यता की जीवनधारा रही है।

### प्रीति कालरा ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल के कुलगुरु प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने प्रीति कालरा को बधाई दी। डीसीआरयूएसटी मुरथल के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग की तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीति कालरा ने विकसित भारत युवा नेता संवाद 2026 में भाग लेकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कार्यक्रम 9 से 12 जनवरी 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

## दिल्ली की आईआईटी की टीम ने अधूरे कार्यों का किया निरीक्षण

# ड्रेन 6 के निर्माण पर 139.29 करोड़ रुपये खर्च, आयुक्त ने लिया जायजा

**नागरिकों को उठानी पड़ रही परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के बीचों-बीच गुजर रही निर्माणाधीन ड्रेन नंबर 6 के अधूरे निर्माण को पूरा करवाने के उद्देश्य से शुक्रवार को दिल्ली की आईआईटी की टीम ने निरीक्षण कर योजना को सिरे चढ़ाने का जायजा लिया। यह टीम करीब 20 दिन के अंदर नगर निगम के उच्च अधिकारियों को अपनी रिपोर्ट के साथ लेआउट देगी, ताकि उसी के अनुरूप अधूरी योजना को वर्ष 2026 में पूर्ण करवाकर शहरवासियों को करनाल के मुगल कैनाल की तर्ज पर सुविधा प्रदान की जा सके। हालांकि नगर निगम ड्रेन 6 के निर्माण पर अब तक 139.29 करोड़ रुपये खर्च कर चुका है, लेकिन फिर भी शहरवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली आईआईटी से आई चार लोगों की टीम ने प्रो. शोभिक दास के नेतृत्व में निगम के एक्सईएन विशाल गर्ग व जेई सचिन राठी के साथ ड्रेन 6 के अधूरे पड़े कार्यों का निरीक्षण किया।

**2025 में निर्माण एक कदम भी नहीं चला**

खासकर शहर में चार जगह पुलों पर जुड़ाव न होने व खुली ड्रेन के चलते हर समय यहां से आवागमन करने वाले लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। यहां सुविधा के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं है। अधूरे पड़े ड्रेन निर्माण के कार्य को लेकर नगर निगम वर्ष 2025 में एक कदम नहीं चल पाया है।

### 2026 में योजना को सिरे चढ़ाने का निर्णय



**कार्य पूर्ण करने को मिले 9.50 करोड़**

नगर निगम को ड्रेन 6 का शेष कार्य पूरा करने के लिए 9.50 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल चुकी है। निगम ने वर्ष 2026 में अधूरी पड़ी योजना को सिरे चढ़ाने का निर्णय लिया है। योजना को सिरे चढ़ाने के उद्देश्य से आईआईटी की टीम ने निगम अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया है। उम्मीद है कि इस साल ड्रेन का निर्माण पूरा होने के साथ शहर की सुंदरता को बढ़ावा मिल सकता है।

**पार्ट-2 निर्माण कार्य पर खर्चे 47.29 करोड़**

निगम ने ड्रेन 6 के पार्ट-2 का निर्माण कार्य 47.29 करोड़ रुपये से अप्रैल 2025 कर लिया था। पार्ट-1 का निर्माण कार्य करीब डेढ़ साल बाद भी शुरू होने का इंतजार कर रहा है। सरकार ने ड्रेन के पार्ट-2 में होने वाले निर्माण कार्य को वर्ष 2019 में मंजूरी प्रदान की थी। वर्ष 2020 में टेंडर आवंटन के बाद निगम ने डेढ़ साल में इस कार्य पूरा करना था। इस बीच ड्रेन के 800 मीटर क्षेत्र में 112 पेड़ बाधा बने रहे।

**राज्यस्तरीय तकनीकी समिति की बैठक में मंजूरी**

दिल्ली की आईआईटी टीम के साथ ड्रेन नंबर 6 के अधूरे पड़े निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया, ताकि उन्हें जल्द पूरा करवाया जा सके। अधूरे निर्माण को पूरा करवाने के लिए राज्यस्तरीय तकनीकी समिति (एसएलटीसी) की बैठक में 9.50 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल चुकी है। काम शुरू करवाने के लिए टीम 20 दिन के अंदर अपनी रिपोर्ट व लेआउट नगर निगम अधिकारियों को सौंपेगी।

**अटल मिशन योजना से शहर के कायाकल्प का उद्देश्य**

*अटल मिशन (अमृत) योजना के तहत नगर निगम देवडू रोड से शादीपुर तक कायाकल्प व शहरी परिवर्तन के लिए ड्रेन का निर्माण करवाया रहा है। इस क्षेत्र में ड्रेन को पक्का करने के साथ सुंदरीकरण के कार्य करवाए जाने हैं। ड्रेन निर्माण के लिए केंद्रीय विद्युत मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिलान्यास किया था। ड्रेन के पार्ट-1 को पक्का करने के लिए 92 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है, जबकि राठधना के पास 250 मीटर व शहर में सभी पुलों पर करीब 250 मीटर क्षेत्र में ड्रेन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। वर्ष 2025 में ड्रेन के अधूरे निर्माण पर निगम एक ईंट भी लगाने में असमर्थ रहा, जबकि संबंधित कार्य को दो वर्ष के अंदर पूरा किया जाना था। निगम ने वर्ष 2024 में मानसून से पहले 92 फीसदी कार्य को पूर्ण कर लिया था। अब दिल्ली रोड, बस अड्डे के पास, राठधना के पास व बहालगढ़ रोड पर पुलों को ड्रेन से जोड़ने का कार्य अधूरा पड़ा है।*

**पुलिस का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी**

## बस स्टैंड, मामा भांजा चौक दिल्ली रोड से हटाया कब्जा



**सोनीपत।** अतिक्रमण हटाते हुए पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से सोनीपत ट्रैफिक पुलिस का अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बस स्टैंड, मामा भांजा चौक, दिल्ली रोड और गन्दे नाले के पास किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने नगर निगम सोनीपत के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सड़क किनारे लगाए गए अवैध ठेले, झोंपड़ियां, अस्थायी ढांचे और अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटवाया। साथ ही रॉन्ग पार्किंग करने वाले वाहन चालकों के चालान भी किए गए।

**होगी सख्त कार्रवाई**

कार्रवाई के दौरान दुकानदारों और आम जनता को जागरूक करते हुए अपील की गई कि वे सार्वजनिक मार्गों, सड़कों और हाईवे पर दोबारा अतिक्रमण न करें। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में फिर से अतिक्रमण पाया गया तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक इंचार्ज शहर सोनीपत निरीक्षक देशराज पुलिस टीमों के साथ मौके पर मौजूद रहे और अभियान के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड और मुरथल अड्डा के आसपास अवैध कब्जों के कारण आए दिन ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ रही थी, जिसे देखते हुए यह अभियान चलाया गया है।

## फसलों में तरल नैनो यूरिया का उपयोग बेहतर : डॉ. राजेंद्र

**गांव धनाना में निःशुल्क आदान वितरण कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

इफको द्वारा शुक्रवार को गांव धनाना में किसान जागरूकता एवं निःशुल्क कृषि आदान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को फसलों में तरल यूरिया (नैनो) का उपयोग करने व इफको द्वारा किसान हित में जारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. अशोक कुमार ने की। मुख्य अतिथि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने कहा कि तरल अर्थात नैनो यूरिया फसलों की बढ़वार में एक बेहतरीन उत्पाद है। इससे मृदा स्वास्थ्य के साथ किसानों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।




**किसानों को किया प्रेरित**

एसडीओ ने सरकार द्वारा चलाई जा रही नई योजना फार्मर आईडी बनवाने के लिए किसानों को समझाया व प्रेरित किया। इफको क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. अशोक कुमार ने संबोधन में कहा कि अधिक रसायनिक खादों के प्रयोग के कारण मृदा स्वास्थ्य पर काफी असर दिख रहा है जिसे लेकर किसानों को सजग बनने की जरूरत है। डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि ड्रोन के माध्यम से कृषि आदानों का स्प्रे बेहतर विकल्प है इससे श्रम व लागत में कमी होगी। इस अवसर पर मास्टर बिजेन्द्र, बुध सिंह, माहबीर व जैल सिंह सहित काफी किसान उपस्थित रहे।

### इंटर कॉलेज सेपक टेकरॉ चैंपियनशिप में जीवीएम गर्ल्स कालेज प्रथम

**सोनीपत।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के अंतर्गत आयोजित किये गये इंटर कालेज सेपक टेकरॉ चैंपियनशिप में जीवीएम गर्ल्स कालेज की टीम ने स्वर्णिम पताका फहराई। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने स्वर्णिम प्रदर्शन पर टीम को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। जीवीएम की खेल प्रभारी अनु ने बताया कि 14 से 15 जनवरी तक एमडीयू रोहतक के स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स में इंटर कालेज सेपक टेकरॉ चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जीवीएम की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। टीम में सिमरन, कोमल, तनीषा, दिव्या, शिवांगी त्यागी, वंदना, वैष्णवी, प्राची, शिवांशी, शिवानी धाकड़, अतिका, कीर्ति और मीनू शामिल रही।

## सरकार का उद्देश्य गरीब, किसान और मजदूर के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना : आंतिल

**विकसित भारत - ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन को बताया ऐतिहासिक पहल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

भाजपा के जाखोली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल ने "विकसित भारत – ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन" को ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार का संकल्प है कि देश का हर गांव आत्मनिर्भर बने और ग्रामीणों को अपने क्षेत्र में ही रोजगार व आजीविका के पर्याप्त अवसर मिलें। वे राई क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**गांव-गांव तक पहुंचाएं योजनाओं की जानकारी**

*अपने संबोधन में भाजपा के जाखोली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 'विकसित भारत – ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन' का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ग्रामीणों को स्थायी आजीविका से जोड़ना है। उन्होंने आह्वान किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस मौके पर ग्रामीण विकास सुरेंद्र महेंद्र आदि गणमान्य लोग थे।*

### संस्कार, संस्कृति एवं सभयता से होती है देश के नागरिकों की पहचान : जैन

**सोनीपत।** देश की भावी पीढ़ी संस्कारवान होगी तभी 2047 में विकसित राष्ट्र बनने का सपना साकार होगा। देश के नागरिकों की पहचान, संस्कार, संस्कृति एवं सभयता से ही होती है, जिस देश के नागरिकों में तीनों चीजें ना हों तो उसके विकसित होने के भी कोई मायने नहीं हैं। उक्त विचार नगर निगम के पूर्व मेयर राजीव जैन ने ब्रह्मनगर में माता जीजा बाई संस्कारशाला में बच्चों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। राजीव जैन ने कहा कि आज मोबाइल की लत भावी पीढ़ी को धर्म, संतों के सद्वचनों तथा देश के निर्माण एवं आजादी आंदोलन में योगदान देने वाले महापुरुषों की जीवन गाथाओं से दूर कर रही है इसलिए आज स्कूलों में नैतिक एवं धर्म की शिक्षा दी जानी बहुत जरुरी है। इस अवसर पर संस्कारशाला की संचालिका सुमन, सविता, ज्योति, अदिति, संगीता, वर्षा, आरती, भारत भूषण आजाद समेत भारी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहे।



### महिला विवि में होगा भजन क्लबिंग कार्यक्रम

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में 20 जनवरी को सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना को समर्पित भजन क्लबिंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में 10 प्रसिद्ध गायकों की टीमों द्वारा आध्यात्मिक भजनों, देशभक्ति गीतों तथा आगामी पर्व होली के उपलक्ष्य में मनमोहक गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। विवि की छात्रा कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों और राष्ट्र प्रेम की भावना को प्रोत्साहित करना है। भजनों के माध्यम से जहां मन को शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी, वहीं देशभक्ति गीतों से राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत होगी। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण होली गीतों के दौरान की जाने वाली पुष्प वर्षा होगी, जो पूरे वातावरण को उल्लास, आनंद और भक्तिमय रंगों से सराबोर कर देगी। यह सांस्कृतिक आयोजन जनता टीवी के प्रायोजन से आयोजित किया जा रहा है, जिससे कार्यक्रम को एक भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा। विवि प्रशासन ने सभी छात्राओं से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का आह्वान किया, ताकि छात्राएं संगीत, भक्ति और उत्सव के इस संगम का हिस्सा बनकर अपने सांस्कृतिक व्यक्तित्व को समृद्ध कर सकें।

## विद्यार्थियों ने स्वदेशी अपनाने का लिया प्रण

**राजकीय महाविद्यालय बड़ौता में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव बड़ौता स्थित राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस व एनसीसी इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को राष्ट्र की मजबूती के लिए स्वदेशी अपनाने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी साहिल सभरवाल ने किया। मुख्य वक्ता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने स्वदेशी संकल्प दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थियों ने इस दौड़ के माध्यम से स्वयं स्वदेशी अपनाने के साथ दूसरों को भी जागरूक किया। स्वदेशी संकल्प दौड़ के पश्चात स्वदेशी संकल्प सभा का आयोजन किया गया।



**गोहाना।** विद्यार्थियों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाते हुए शिक्षकगण।

**विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने का आग्रह**

प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने अपने अभिभाषण में विद्यार्थियों को स्वदेशी के महत्व से अवगत करवाया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी साहिल सभरवाल ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला व उनसे प्रेरणा लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप कुंडू, डॉ. सरिता, डॉ. मीना, जयप्रकाश ने भी अपने विचारों व्यक्त किए। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक संतोष कुमार, डॉ. बिजेंद्र सिंह, जय प्रकाश, डॉ. गीता, डॉ. नेहा, डॉ. मेहर सिंह व डॉ. निकिता सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### जजपा ने राई में संदीप दहिया को बनाया युवा हलका प्रधान

**राई ।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में हल्का स्तर पर विस्तार करते हुए नाहरी गांव निवासी संदीप दहिया को युवा हल्का प्रधान नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला के दिशा-निर्देशों पर की गई है। जजपा के जिला प्रधान अशोक सरोहा एवं हल्का राई अध्यक्ष दिनेश चौहान ने बताया कि युवा संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि युवा जिला अध्यक्ष अजय कोहड़ द्वारा संदीप दहिया को यह दायित्व सौंपा गया है, ताकि क्षेत्र में युवाओं को पार्टी से जोड़ा जा सके।



पूरा विश्वास है कि संदीप दहिया के नेतृत्व में हल्का स्तर पर बड़ी संख्या में युवा जजपा से जुड़ेंगे। युवा हल्का प्रधान नियुक्त होने पर संदीप दहिया ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे पार्टी सुप्रीमो डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, युवा जिला प्रधान अजय कोहड़ सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी दी है, वे उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत के साथ निभाने का प्रयास करेंगे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**प्रतियोगिता** | **देशभर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को करेंगे प्रदर्शित**

# इंडिया कप स्कॉट, बेंच प्रेस व डेडलिफ्ट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप आज से

**लंदन से पहुंचे ग्लोबल पावरलिफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष ली मार्शल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ग्लोबल पावरलिफ्टिंग कमेटी से मान्यता प्राप्त नेचुरल स्ट्रांग पावरलिफ्टिंग फैडरेशन की ओर से 17 व 18 जनवरी को एटलस रोड स्थित रोटरी क्लब मिडटाउन परिसर में इंडिया कप स्कॉट, बेंच प्रेस व डेडलिफ्ट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। चैंपियनशिप की रुपरेखा तैयार करने को लेकर शुक्रवार को फैडरेशन की ओर से ओल्ड डीसी रोड स्थित एग्जोटिक जिम में पत्रकारवार्ता की गई। इस दौरान ग्लोबल पावरलिफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष ली मार्शन व फैडरेशन के अध्यक्ष जुगल धवन ने चैंपियनशिप के बारे में जानकारी दी।



**सोनीपत।** ओल्ड डीसी रोड स्थित एग्जोटिक जिम में पत्रकारवार्ता के दौरान मौजूद ग्लोबल पावरलिफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष ली मार्शन व नेचुरल स्ट्रांग पावरलिफ्टिंग फैडरेशन के अध्यक्ष जुगल धवन व सदस्य।

**अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टर का किया स्वागत**

अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टर एवं ग्लोबल पावरलिफ्टिंग कमेटी के वर्ष 2012 से राष्ट्रीय अध्यक्ष ली मार्शल का पहली बार भारत व सोनीपत पहुंचने पर नेचुरल स्ट्रांग पावरलिफ्टिंग फैडरेशन के अध्यक्ष जुगल धवन व अन्य सदस्यों ने स्वागत किया। जुगल धवन ने बताया कि पावर लिफ्टिंग में ली मार्शल का शानदार सफर रहा है। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में 26 बार, यूरोपियन चैंपियनशिप में 22 बार पदक जीतकर पावरलिफ्टिंग में इतिहास दर्ज किया है।

**प्रतियोगिता के लिए सुबह 7 बजे पहुंचे**

फैडरेशन के अध्यक्ष जुगल धवन ने बताया कि इंडिया कप चैंपियनशिप का उद्देश्य पावरलिफ्टिंग खेल को देशभर में बढ़ावा देना है। उनका सपना है कि सोनीपत की धरा पर भी एक बार अंतरराष्ट्रीय स्तर की पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाए। 17 व 18 दिसंबर को सोनीपत में होने वाली चैंपियनशिप के सभी आयु वर्गों के प्रतिभागियों की सख्त हिदायत दी गई है कि वह प्रतिबंधित दवाओं के चक्कर न पड़कर चैंपियनशिप में भाग लें, अन्यथा उन्हें हमेशा के लिए ब्लैक लिस्ट किया जा सकता है। यह चैंपियनशिप पूरी तरह से नेचुरल कैटेगरी में होगी। चैंपियनशिप के लिए सभी प्रतिभागी शनिवार को सुबह 7 बजे सोनीपत पहुंच जाएंगे। गणेश पूजन के साथ चैंपियनशिप की शुरुआत की जाएगी। बाहर से आने वाले प्रतिभागियों की सभी व्यवस्थाएं फैडरेशन की ओर से की गई हैं। पत्रकारवार्ता में भूपेंद्र सचदेवा, संजय, विकास कुमार, डॉ. राजेश यादव, किशोर कुमार, नसीर अहमद, कृष्ण कुमार के अलावा फैडरेशन के सभी सदस्य मौजूद रहे।